

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय जाट एकता मंच उत्तराखंड के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र बालियान के नेत्र में शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव जैसे महान आजादी के नायकों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जाट एकता मंच उत्तराखंड के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र और एयरपोर्ट पुलिस चौकी जौलीग्रांट के स्टाफ को मास्क व सैनिटाइजर बांटे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट एकता मंच के बीरेंदर विवेक एसबी तोमर, रनवीर सिंह, जोध सिंह, महेश थपलियाल आदि लोग उपस्थित थे।

### लोगों को दी मास्क पहनने की हिदायत

देहरादून **संवाददाता**। कोरोना वायरस से बचाव के लिए जिस प्रकार से राज्य सरकार ने 31 मार्च तक पूरे उत्तराखंड को लॉकडाउन किया गया है इसी के परिपेक्ष्य में आज दूसरे दिन घंटाघर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने घरों से बाहर आये वाहन चालकों को मॉस्क लगाये जाने के साथ ही अन्य जानकारियां प्रदान की। आज घंटाघर सहित अन्य चौराहों पर तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने घरों से बाहर आये वाहन चालकों को मॉस्क लगाये जाने के साथ ही लॉकडाउन सहित अन्य जानकारियां प्रदान की। इस दौरान वाहन चालकों को मॉस्क लगाये जाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

### केन्द्र व राज्य सरकारों को कोरोना से बचाव को उठाने होंगे ठोस कदमः राजकुमार

देहरादून **संवाददाता**। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पहले से ही बदहाल व नाजुक चल रही हमारी अर्थव्यवस्था पर कोरोना एक बड़ा प्रहार है जिसके प्रकोप से आज छोटे व मध्यम व्यवसायी तथा आमजन सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी कोरोना वायरस से बचाव के हर कदम पर सरकार के साथ खड़ी है।

### लॉकडाउन के दौरान सड़कों पर निकले लोग तो बढ़ानी पड़ी अतिरिक्त पुलिस

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के बचाव के चलते प्रदेश को लॉकडाउन करने के दूसरे दिन सड़कों पर लोगों व वाहन चालकों का आवागमन होता रहा। इस दौरान हाथों में पर्ची व दवाई वालों की काफी भीड़ रही। आज अस्थाई राजधानी में लॉकडाउन के चलते विभिन्न क्षेत्रों से लोग घरों से बाहर निकले तो पुलिस की अतिरिक्त संख्या बढानी पड़ी। वहीं लोगों व वाहन चालकों का आवागमन होता रहा।

## दून शहर की सड़कों पर 31 तक चलेगा सेनिटाइजेशन

### नगर आयुक्त ने जगह-जगह निरीक्षण भी किया

**अभियान**

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना के खिलाफ जंग में रविवार को नगर निगम ने शहर में व्यापक सफाई अभियान चलाया और सड़कों को सेनिटाइज किया। महापौर सुनील उनियाल गामा, नगर आयुक्त विनय शंकर और वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. आरके सिंह ने अभियान की जिम्मेदारी संभाली और पूरे दिन इसका फीडबैक लेते रहे।

नगर आयुक्त ने जगह-जगह निरीक्षण भी किया। शहर में आठ जोन में बना मेगा अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि अभियान में साठ प्रतिशत शहर सेनिटाइज कर दिया गया। इस दौरान एक लाख 32 हजार लीटर दवा छिड़काव कराया गया। यह अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा। सुबह साढ़े आठ बजे महापौर गामा और नगर आयुक्त ने नगर निगम पहुंच टीमों को दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम टीमों ने शहर की सड़कों को सोडियम हाइपोक्लोराइड से सेनिटाइज किया। आठ जोन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए थे। सभी अधिकारी व सफाई निरीक्षक निगम कार्यालय में एकत्रित हुए और यहां से कीटनाशक व वाहन लेकर सफाई अभियान की शुरुआत की गई।



शहर में गैस एजेंसी, बैंक, फुटपॉथ, रेलिंग और बस स्टॉप समेत हर सार्वजनिक स्थलों को पूरी तरह सेनिटाइज किया जाएगा। महापौर व नगर आयुक्त क निर्देश पर सभी सफाई कर्मी बावर्दी रहे। अभियान में कर्मचारियों ने सड़कों के दोनों ओर दवा का छिड़काव किया।

## सीएम बोले कोरोना से बचाव के लिए किया लॉकडाउन

देहरादून **संवाददाता**। उत्तराखंड में लॉकडाउन के पहले दिन मिलाजुला असर देखने को मिला। कहीं कर्फ्यू जैसी स्थिति रही तो कहीं लोग सड़कों पर नजर आए। हलांकि, पुलिस टीम लोगों रोक कर पूछताछ कर रही है। ऋषिकेश में बड़ी संख्या में बड़े शहरों से पहाड़ लौटने वाले लोग चार धाम यात्रा बस संचालन केंद्र पहुंचे। इतनी भीड़ को यहां देख कर पुलिस और प्रशासन के हाथ पांव फूल गए हैं। वहीं, आज मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रशासनिक अधिकारियों को लॉकडाउन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी आग्रह किया है कि कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव के लिए राज्य में 31 मार्च 2020 तक लॉकडाउन किया गया है।

# अगले आदेश तक उत्तराखंड में प्रवेश नहीं कर पाएंगे पर्यटक

**निर्देश**

**संवाददाता**

23 और 25 मार्च के चार पेपर स्थगित हुए हैं, जबकि 24 मार्च को कोई पेपर नहीं है

एक अप्रैल से होने जा रहे मुल्यांकन और रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने घरेलू और विदेशी पर्यटकों के राज्य में प्रवेश पर अगले आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव नितेश झा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पहले भी कई परामर्श जारी कर लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा जा चुका है। अफसरों का कहना है कि इस बात को ध्यान में रखते हुए घरेलू और विदेशी पर्यटकों के राज्य में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत महसूस की गई ताकि इस वायरस को फैलने से रोका जा सके। साथ ही दस साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों से 31 मार्च तक घर में रहने और बाहर न निकलने की अपील की गई है।



उत्तराखंड को 31 मार्च तक के लिए लॉकडाउन कर दिया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आगामी 31 मार्च तक प्रदेश में लॉकडाउन घोषित कर दिया है। पुलिस विभाग और अन्य अधिकारियों की आपात बैठक में यह फैसला लिया गया। हालांकि सरकार का कहना है कि आपात सेवाएं और खाद्य आपूर्ति सुचारू रहेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि लॉकडाउन के इस दौरान आवश्यक सेवाएं, जैसे कि भोजन और दवाएं, सभी के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही

> 'हमें हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। वायरस से लड़ी जा रही इस लड़ाई को हम हर हाल में जीतेंगे।
> त्रिवेंद्र सिंह रावत, मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों से अपील की है कि जनता कर्फ्यू को पूरी रात भर जारी रहेगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को आपात बैठक बुलाई थी, जिसमें मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, पुलिस प्रमुख अनिल रतूड़ी और तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उत्तराखंड को 31 मार्च तक लॉकडाउन करने का फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान कम से कम यात्रा की जानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वो उस शहर या गांव से भागे नहीं, जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमें हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। वायरस से लड़ी जा रही इस लड़ाई को हम हर हाल में जीतेंगे।'

त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के लिए जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है। पूरे देश में जिस तरह से इसे समर्थन मिला है, उससे पूरा विश्वास है कि हम सभी मिलकर इस लड़ाई को अवश्य जीतेंगे। व्यापारियों, चिकित्सकों, सफाई कर्मियों और दूसरे कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से पुनः अपील करते हुए कहा कि अगर आप किसी भी संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आए हैं तो अपने को तुरंत अलग कर लें, परिवार के सभी सदस्यों से अलग रहें और जरूरी दूरी बनाए रखें। लक्षण पाए जाने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में सम्पर्क करें।

## नैनीताल के अस्पताल से फरार हुए बेल्जियम और इजराइल के पर्यटक

### स्टाफ की गैरमौजूदगी में मौका देखकर पर्यटक फरार हो गए

देहरादून **संवाददाता**। नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती बेल्जियम और इजराइल मूल के पर्यटक सोमवार को बिना बताए चले गए। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन में खलबली मच गई। पुलिस ने सैलानियों को मल्लीताल बाजार क्षेत्र से ट्रेस कर वापस अस्पताल पहुंचाया। बीते दिनों नैनीताल घूमने आए बेल्जियम और इजराइल के दो पर्यटक कमरा तलाश रहे थे। इस दौरान विदेशी सैलानियों को नैनीताल में रूम नहीं मिल सका। जिसके चलते वह बीडी पांडे जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने विदेशियों के कोरोना से संबंधित सैंपल लिए और अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में उन्हें भर्ती कर दिया गया।

सोमवार तड़के विदेशी पर्यटकों ने छुट्टी की मांग की। जिस पर अस्पताल की ओर से सुबह 11 बजे उन्हें छोड़ने की बात कही गई। जिसके बाद एक बजे तक जब पर्यटकों को अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली तो स्टाफ की गैरमौजूदगी में मौका देखकर पर्यटक फरार हो गए। इसकी खबर लगते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन सैलानियों की खोजबीन में जुट गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।